बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR
(A STATE UNIVERSITY)
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494001
Phone 07782-229037, Fax 07782-229037, www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक / 529 /अका./ब.वि.वि./2020 जगदलपुर, दिनांक 10/08/2020

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर, छत्तीसगढ़ के कार्यपरिषद की 27वीं आपात बैठक दिनांक 10.08.2020 समय अपरान्ह 2.00 बजे हेतु विषय सूची :—

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर (छ.ग.) के कार्यपरिषद की 26वीं बैठक दिनांक 13.03.2020 को सम्पन्न हुई थी। विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण विषयों से संबंधी आवश्यक निर्णयों हेतु आपात बैठक आहूत की जा रही है। बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा एवं निर्णय लिया जाना है :—

विषय क्रमांक —1

दिनांक 10/08/2020 को आयोजित विद्यापरिषद की स्थायी समिति की आपात बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए गये निर्णयों का अनुमोदन।

विषय क्रमांक —2

विश्वविद्यालय में स्वीकृत शैक्षणिक पदों में भर्ती संबंधी प्रक्रिया में हो रहे विलम्ब तथा वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2020—21 में स्वीकृत रिक्त पदों में संविदा/अतिथि शिक्षकों की भर्ती किये जाने के संबंध में।

विषय क्रमांक —3

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई पूरक एजेण्डा।

10/08/2020

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR
(A STATE UNIVERSITY)
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494001
Phone 07782-229037, Fax 07782-229037, www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक / 533 /अका./ब.वि.वि./2020 जगदलपुर, दिनांक 10/08/2020

//कार्यपरिषद बैठक का कार्यवाही विवरण//

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के कार्यपरिषद की आपात बैठक दिनांक 10.08.2020 को अपरान्ह 2.00 बजे विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई। वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों का पालन सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से उक्त तिथि एवं समय में आयोजित बैठक में जिला–बस्तर/जगदलपुर मुख्यालय में निवासरत निम्नलिखित सदस्य उपस्थित होकर बैठक में सम्मिलित हुए तथा शेष सदस्य जो जिला–बस्तर/जगदलपुर मुख्यालय से बाहर/अन्य जिले में निवासरत हैं, वह निर्धारित बैठक तिथि एवं समय अनुसार विडियो कॉन्फ्रेसिंग (Google Meet App) के माध्यम से बैठक में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए :–

बैठक में उपस्थित सदस्य

1.	प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार सिंह , कुलपति, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर	अध्यक्ष
2.	माननीय श्री रेखचंद जैन, विधायक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 86 जगदलपुर	विधानसभा सदस्य
3.	माननीय श्री चंदन कश्यप, विधायक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 84 नारायणपुर	विधानसभा सदस्य
4.	डॉ. के. इंदिरामूर्ति, प्राध्यापक शास. काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर	संकायाध्यक्ष – सदस्य
5.	श्री आई.पी.तिवारी, प्राचार्य श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, जगदलपुर	प्राचार्य – सदस्य
6.	संभागीय संयुक्त संचालक, (कोष, लेखा एवं पेंशन) बस्तर जगदलपुर	सदस्य
7.	डॉ. व्ही.के.पाठक, कुलसचिव, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर	सचिव

10/8/2020

गूगल मीट के माध्यम से सम्मिलित सदस्य

8. डॉ. आर.के. हिरकने, प्राध्यापक — संकायाध्यक्ष – सदस्य
   शास. दन्तेश्वरी पी.जी. महाविद्यालय दन्तेवाड़ा
9. डॉ. एस.सी. मुखर्जी, अधीष्ठाता — सदस्य
   शहीद गुण्डाधूर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कुम्हरावण्ड, जगदलपुर
10. डॉ. ए.के. दीक्षित, प्राध्यापक — संकायाध्यक्ष – सदस्य
    शासकीय इन्द्रावती महाविद्यालय, भोपालपट्नम

विशेष आमंत्रित सदस्य –

11. श्री चुन्नी लाल टंडन, सहायक कुलसचिव (अकादमिक) बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
12. श्री देवचरण गावड़े, सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय) बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

आमंत्रित सम्माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष की अनुमति से कार्यवाही प्रारंभ की गई। उक्त बैठक का कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :–

विषय क्रमांक –1

दिनांक 10/08/2020 को आयोजित विद्यापरिषद की स्थायी समिति की आपात बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए गये निर्णयों का अनुमोदन।

निर्णय :– सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक –2

विश्वविद्यालय में स्वीकृत शैक्षणिक पदों में भर्ती संबंधी प्रक्रिया में हो रहे विलम्ब तथा वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2020–21 में स्वीकृत रिक्त पदों में संविदा/अतिथि शिक्षकों की भर्ती किये जाने के संबंध में।

निर्णय :– शैक्षणिक सत्र 2020–21 प्रारंभ होने के फलस्वरूप स्वीकृत शैक्षणिक पदों कें रिक्त पदों में संविदा/अतिथि शिक्षकों की भर्ती किये जाने का निर्णय लिया गया।

विषय क्रमांक –3

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई पूरक एजेण्डा।

निर्णय :– निरंक।

कुलपति	कुलसचिव 10/08/2020
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)	बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)